सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश-272202
SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Siddharth Nagar, U.P. 272202
Since-2015
E-Mail Id: registrar@suksn.edu.in, Mobile Number: 6388907621, www.suksn.edu.in

पत्रांकः 1665 / कु0का0 / सि0वि0वि0 / 2024 दिनांकः 05/10/2024

अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
(सूची में उल्लिखित महाविद्यालय को छोड़कर)

विषय– **समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण हेतु गूगल फार्म में सूचना उपलब्ध कराने के सन्दर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि शासन एवं राजभवन के निर्देशानुसार सत्र 2024–25 अर्थात मौजूदा शैक्षिणक सत्र से समर्थ ई0आर0पी0 को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है। जिसके माध्यम से छात्रों का पंजीकरण, परीक्षा, संशोधन, शिक्षकों को कैस प्रमोशन, लीव मैनेजमेन्ट, इन्वेंट्री मैनेजमेन्ट आदि समस्त महाविद्यालय के कार्य समर्थ ई0आर0पी0 के माध्यम से ही संचालित किये जाने है।

जिस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 28 जून, 2024, 12 जुलाई, 2024, 28 अगस्त 2024 तथा दिनांक 07.09.2024 को महाविद्यालय से गूगल फार्म के माध्यम से सूचना मांगी गयी, किन्तु अद्यतन केवल 224 महाविद्यालयों के द्वारा ही सूचना उपलब्ध करायी गयी है, **जिसके कारण ऐसे महाविद्यालय जिन्होनें अपनी सूचना ससमय उपलब्ध करा दी है, उनके छात्रों का भी पंजीकरण अपूर्ण डेटा पोर्टल पर होने के कारण नही हो पा रहा है, जो कि अत्यन्त खेदजनक है तथा शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशों की अवहेलना है।**

अतएव मा0कुलपति जी के आदेशानुसार जिन महाविद्यालयों के द्वारा अभी तक गूगल फार्म में सूचना उपलब्ध नही करायी गयी है, उन्हें एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। अतः **दिनांक 05 अक्टूबर, 2024 से 08 अक्टूबर, 2024 रात्रि 08:00 बजे** तक प्रत्येक दशा में गूगल फार्म पर सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त तिथि के उपरान्त किसी भी महाविद्यालय का पंजीकरण नही किया जायेगा एवं नियमानुसार महाविद्यालय के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

गूगल फार्म लिंक – https://forms.gle/Cbdce19apsGMEM7k8

भवदीय
05/10/24
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर

पत्रांक 1665 / कु0का0 / सि0वि0वि0 / 2024 दिनांक 05/10/2024

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
2– उपकुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3– प्रभारी सम्बद्धता एवं परीक्षा को समस्त सम्बधित महाविद्यालयों की पत्रावली हेतु।
4– निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5– पत्रावली।

05/10/24
(कुलसचिव)